# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**तारांकित प्रश्न**

## 21 फ़रवरी 2024

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### राज्य शिक्षक शिक्षा उन्नत अध्ययन संस्थान को अपने भवन में स्थानांतरित करना

*1 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) वर्ष 2013 से किराये के भवन में चल रहे राज्य शिक्षक शिक्षा उन्नत अध्ययन संस्थान जो कि आमतौर पर प्रारंभ के नाम से जाना जाता है, को इसके अपने भवन में कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है;

ख) उक्त संस्थान में शिक्षण वर्ग तथा गैर शिक्षण कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

ग) झज्जर के उपरोक्त संस्थान में दाखिले की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

### सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराना

*2 **श्रीमती किरण चौधरी ( तोशाम):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या सरकार बिहार के तर्ज पर राज्य में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराने का इरादा रखती है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुलिस थाने का निर्माण करना

*3 **श्री ईश्वर सिंह (गुहला)**:

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2011 में सिवान की ग्राम पंचायत द्वारा पुलिस विभाग को 19 कनाल भूमि स्थानांतरित की गई थी तथा पुलिस विभाग द्वारा इस पंचायत को रूपये 71,25,000 की राशि का भुगतान किया गया था तथा रजिस्ट्री की गई थी तथा पुलिस विभाग के पक्ष में इन्तकाल भी पंजीकृत किया गया था; तथा

ख) यदि हां, तो पिछले 12 वर्षों में इस स्थान पर नए पुलिस थाने के निर्माण के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा वर्तमान में जिस भूमि पर पुलिस थाना स्थित है, उसे पुलिस विभाग द्वारा कब तक खाली किए जाने की संभावना है ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढ़ाना

*4 **श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( कोसली)**:

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डहिना का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या बेरली खुर्द में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण कार्य आरम्भ करना

*5 **श्री बिसम्बर सिंह ( बवानी खेड़ा)**:

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि बवानी खेडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव कलिंगा में शहीद धनपत सिंह, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सवाई पाना के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

----

## विजिलेंस द्वारा रिश्वत मामलों में पकडे गए अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या

*6 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)**:

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) 01 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2024 तक विजिलेंस विभाग द्वारा रिश्वत के मामलो में पकडे गए अधिकारियों/कर्मचारियों (नियमित/अनुबंधित/एच.के.आर.एन) की संख्या कितनी है तथा उनका जिलेवार, नामवार तथा पद-वार ब्यौरा क्या है;

ख) उन अधिकारियों/कर्मचारियों (नियमित/अनुबंधित/एच.के.आर.एन) की संख्या कितनी है जिन्हे रिश्वत के मामलों में पकड़े जाने के पश्चात उन्हें उनकी नौकरी से निलंबित तथा निकाला गया है तथा उनका जिलेवार, नाम-वार तथा पद-वार ब्यौरा क्या है;

ग) उन अधिकारियों/कर्मचारियों (नियमित/अनुबंधित/एच.के.आर.एन) का जिलेवार, नाम-वार तथा पद-वार ब्यौरा क्या है जिन्हें रिश्वत के मामलों में निलंबित किया गया था तथा तत्पश्चात् बहाल किया गया तथा नौकरी पर वापिस ले लिया गया; तथा

घ) उन अधिकारियों/कर्मचारियों (नियमित/अनुबंधित/एच.के.आर.एन) की संख्या कितनी है जिनको रिश्वत के मामलों में उनकी नौकरी से निलंबित किया गया परन्तु तत्पश्चात् नौकरी पर वापिस नहीं लिया गया तथा उनको नौकरियों पर वापिस न लेने के कारण क्या हैं ?

----

## स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा करना

*7 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव सिलाना में स्टेडियम का निर्माण कार्य वर्ष 2016 में आरम्भ हुआ था परन्तु इस स्टेडियम का निर्माण कार्य बंद पड़ा है तथा जिसके कारण अब स्टेडियम का निर्माणाधीन भवन जर्जर हो रहा है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त स्टेडियम के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों का सुधार करना

*8 **श्री राम करण (शाहबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों का सुधार करने तथा विसंगतियों को हटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके लिए सम्पूर्ण प्रक्रिया का ब्यौरा

क्या है; तथा

(ख) उक्त विसंगतियों को कब तक दूर किए जाने की संभावना है?

----

## 1128 एकड़ भूमि का अधिनिर्णय (अवार्ड)

*9 **श्री सत्य प्रकाश ( पटौदी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) पंचगांव, मानेसर में अधिगृहित 1128 एकड़ भूमि के लिए मुआवजे की राशि पर अधिनिर्णय (अवार्ड) की दिनांक से निधि जारी होने की दिनांक तक, ब्याज कब तक दिए जाने की संभावना है;

ख) मानेसर की अधिगृहित 912 एकड़ भूमि का मुआवजा कब तक जारी किये जाने की संभावना है; तथा

ग) मानेसर में अधिगृहित 27 एकड़ भूमि कब तक मुक्त किये जाने की संभावना है ?

----

## स्वामित्व अधिकार प्रदान करना

*10 **श्री सुरेन्द्र पंवार (सोनीपत):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या सोनीपत विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 25 वर्ष पुराने मकानों की रजिस्ट्रियां, जिनकी रजिस्ट्रियों में किला नम्बर तथा खसरा नम्बर वर्णित नहीं है, का इंतकाल पंजीकृत करने के लिए सरकार द्वारा कोई वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है;

(ख) यदि हां, तो राजस्व रिकॉर्ड में इंतकाल (मयूटेशन) कब तक दर्ज किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या उक्त स्थिति में इंतकाल के बिना मकानों या प्लाटों की बिक्री तथा खरीद की जा सकती है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

----

## किसानों को मुआवजा प्रदान करना

*11 **श्री जयवीर सिंह (खरखोदा):**

क्या ऊर्जा मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या किसानों को उनकी जमीन पर हाई टेंशन लाइन लगाने पर मुआवजा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या

है ?

----

## दिव्यांग पेंशन योजना

***12 श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत दिव्यांग की पेंशन लेने के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत दिव्यांगता की पात्रता को निर्धारित करने के कारण क्या हैं ?

----

## पुल का निर्माण करना

***13 श्री नयन पाल रावत ( पृथला):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या गांव छायसा से पंचायती झुग्गी के बीच यमुना नदी पर पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## रास्तों का निर्माण करना

***14 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या निम्नलिखित रास्तों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:-

i) गाँव कालवा से रजना खुर्द तक ;

ii) गाँव बागड़ खुर्द से मालसरी खेडा तक (राजा वाली सड़क);

iii) गाँव मुआना से बाहरी वाला रास्ता;

iv) गाँव ढाठरथ से जामनी तक; तथा

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा इस मामले में सरकार द्वारा क्या कारवाई की गई है?

----

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सेक्टरों को विकसित करना

***15 श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे सेक्टरों की संख्या कितनी हैं तथा उनका जिलेवार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या इंद्री विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## छोटे किसानों तथा मजदूरों का उत्थान

***16 श्री राम कुमार गौतम ( नारनौंद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में छोटे किसानों तथा मजदूरों के उत्थान/ कल्याण करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं; यदि हां, तो उसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## हरियाणा कौशल रोज़गार निगम की भर्तियों में आरक्षण के लिए अपनाए गए मापदंड

***17 राव दान सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या हरियाणा कौशल रोज़गार निगम के अंतर्गत भर्तियों में आरक्षण के लिए अपनाए गए मापदंड क्या हैं;

(ख) एच.के.आर.एन के तहत भर्ती किए गए अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग (ए), तथा पिछड़ा वर्ग (बी) सेवानिवृत्त अभ्यर्थियों को अब तक कितने प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है; तथा

(ग) क्या सरकार द्वारा हरियाणा कौशल रोज़गार निगम के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों के लिए कोई स्थानांतरण नीति बनायी गई है; यदि हाँ, तो क्या उक्त अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्थानांतरण नीति के अनुसार है?

----

## सिंथेटिक टर्फ बिछाना

***18 श्री असीम गोयल नन्योला (अंबाला शहर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राजीव गांधी स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स सेक्टर 10 ,अम्बाला शहर में हॉकी के लिए सिंथेटिक टर्फ बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक बिछाए जाने की संभावना है?

----

## जिला पुस्तकालय का निर्माण कार्य आरम्भ करना

*19 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि दिनाक 14.10.2017 को मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 20393 के तहत दादरी जिला मुख्यालय पर स्थापित होने वाले जिला पुस्तकालय का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## तालाबों की खुदाई तथा नवीनीकरण के कार्य की वर्तमान स्थिति

*20 **श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के खंड असंध, मुनक तथा चिड़ाव के गांव की संख्या कितनी है जिनमें तालाबों की खुदाई तथा नवीनीकरण के कार्य की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गई है तथा उक्त स्वीकृति कब दी गई थी;

(ख) उस ठेकेदार का नाम तथा ब्यौरा क्या है जिसे उपरोक्त कार्य आवंटित किया गया था तथा कार्य के आरंभ एवं पूरा करने के लिए निर्धारित समयावधि क्या है; तथा

(ग) जनवरी, 2024 तक उपरोक्त सभी तालाबों में निष्पादित कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**दिनांक 21 फ़रवरी, 2024.** **सचिव**